एक नजर में

## 10वीं में नैतिक सांगले का सुयश



**इंदौर।** सेंट पॉल हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र नैतिक सांगले ने केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 10वीं की परीक्षा में 93.2 प्रतिशत अंक हासिल कर उत्कृष्ट सफलता अर्जित की है। नैतिक का लक्ष्य आईआईटी से इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल करना है। उसका रुझान रोबेटिक इंजीनियरिंग की तरफ ज्यादा है। नैतिक के पिता धर्मेन्द्र और मां मनीषा सांगले ने बताया कि उसे पढ़ाई के लिए फोर्स नहीं करना पड़ता है। वह खुद अपनी मर्जी से पढ़ाई करता है। स्कूल और कोचिंग के अलावा सेल्फ स्टडी पर भी उसका काफी फोकस रहता है। नैतिक रोज 12-13 घंटे पढ़ाई करता है। चूंकि अगला लक्ष्य यानी आईआईटी के लिए चयन उसके लिए और चुनौतीपूर्ण है, इसलिए पढ़ाई पर और ज्यादा फोकस रहेगा। नैतिक अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों के साथ ही अपने माता-पिता को देता है।

## विद्यासागर स्कूल का कक्षा10वीं में उत्कृष्ट परिणाम




**इंदौर.** विद्यासागर स्कूल, बिचौली मर्दाना ने एक बार पुन: अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा को बनाए रखते हुए कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम प्राप्त कर गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने सफलता अर्जित कर संस्थान का नाम रोशन किया है। इस वर्ष का परीक्षा परिणाम न केवल पूर्ण सफलता का प्रतीक है, बल्कि विद्यार्थियों ने उच्च अंक प्राप्त कर मेरिट सूची में भी अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई है. विशेष रूप से शीर्ष 10 विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया है। कुल 221 छात्र-छात्राओं में से 19 विद्यार्थियों ने 90% एवं उससे अधिक अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है, जो विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रमाण है. टॉप 10 विद्यार्थियों में ईशान कुमार सिंह 98.4%, सोनाक्षी पाटीदार 97.6%, सान्वी माहेश्वरी 95.8%, शादान निजाम 95.4%, इशिता चौहान 95%, हर्षवी मेहता 94.2%, सुव्रत व्यास 94.2%, निर्जर कौर छाबड़ा 94%, प्रज्वल यादव 93.6%, सर्वार्थ पांडे 92.8% रहे. विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती भावना पुजारी ने इस उल्लेखनीय सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा, यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कठोर मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सतत सहयोग का परिणाम है. हमारा उद्देश्य केवल परीक्षा परिणाम तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के माध्यम से उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए तैयार करना है.

## गौसेवा भारती में पिंगले अध्यक्ष, बोहरा बने महामंत्री




**इंदौर.** गौसेवा भारती के प्रांतीय संगठन मंत्री कैलाशचंद्र खंडेलवाल ने इंदौर इकाई के संगठन मंत्री निलेश गंगराडे की अनुशंसा पर गौसेवा भारती इंदौर की वर्ष 2026-27 के लिए 71 सदस्यीय नवीन कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए सुरेश पिंगले को अध्यक्ष, उपेन्द्र बोहरा को महामंत्री एवं पंकज अग्रवाल को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया है. नई कार्यकारिणी में 3 संयुक्त महामंत्री, 9 उपाध्यक्ष, 11 मंत्री, 11 सह मंत्री, 16 कार्यकारिणी सदस्य, प्रचार मंत्री तथा 16 विशेष आमंत्रित सदस्य मनोनीत किए गए हैं. संगठन के अध्यक्ष सुरेश पिंगले एवं महामंत्री उपेन्द्र बोहरा ने 27 अप्रैल को होने वाले गौ सम्मान आन्दोलन का समर्थन करते हुए कहा है कि दगाय को राष्ट्रीय प्राणी घोषित कर गौ वंश के हत्यारों को फांसी की सजा का प्रावधान करने तथा देश के हर जिले में गौ-अभ्यारण्य बनाने की 3 सूत्रीय मांगों को लेकर गौ सेवा भारती द्वारा 27 अप्रैल को देशव्यापी व्यापक आन्दोलन किया जाएगा जिसके तहत इंदौर में भी उक्त आन्दोलन चलाया जाएगा. इस अवसर पर वरिष्ठ मार्गदर्शक हुकुमचंद सावला, अशोक गुप्ता हिन्दुस्तानी सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे.

## महिला मंडल ने किया सांसद का तिलक वंदन



**इंदौर.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में महिला सशक्तिकरण को नई दिशा मिल रही है. इसी क्रम में महिलाओं को 33% आरक्षण प्रदान कर पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक मातृशक्ति को अधिकार एवं सम्मान दिलाने के ऐतिहासिक निर्णय के प्रति आभार व्यक्त करने हेतु इंदौर शहर में महिला मंडल द्वारा एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया. सांसद शंकर लालवानी जी, जो प्रधानमंत्री जी के प्रतिनिधि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित रहे, उनका शहर की महिलाओं द्वारा पारंपरिक तिलक वंदन कर आत्मीय स्वागत किया गया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए प्रधानमंत्री के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की. कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने आतिशबाजी कर अपनी खुशी जाहिर की तथा एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर इस ऐतिहासिक निर्णय का उत्सव मनाया.

## स्पेलिंग बी प्रतियोगिता में मनन्या पहुंची फाइनल में




**इंदौर.** इंदौर में अल्फा स्टार स्पेलिंग बी की नेशनल लेवल प्रतियोगिता इस वर्ष बड़े उत्साह और प्रतिस्पर्धा के साथ आयोजित की जा रही है. इस प्रतियोगिता में प्रदेश के 40 से अधिक स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लेकर अंग्रेज़ी भाषा की समझ और उच्चारण कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. प्रतियोगिता में सेंट अर्नोल्ड कोएड स्कूल, पालदा की छात्रा मनन्या आहिरे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नेशनल फाइनल में अपनी जगह बनाई है। उनकी इस उपलब्धि से स्कूल, परिवार एवं पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है. मनन्या की सफलता का श्रेय उनकी निरंतर मेहनत, समर्पण और नियमित अभ्यास को जाता है, जो अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है. अल्फा स्टार स्पेलिंग बी के नेशनल बी कोऑर्डिनेटर निखिल थॉमस ने बताया कि प्रतियोगिता का नेशनल फाइनल भी इंदौर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें देशभर से चयनित विद्यार्थी भाग लेंगे.

## महिला उद्यमी को किया सम्मानित



**इंदौर.** माहेश्वरी समाज द्वारा ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में दो दिवसीय व्यापार महोत्सव में समाज के उद्यमी रियल स्टेट, इलेक्ट्रिकल इलेक्ट्रॉनिक, आधुनिकतम लाइफस्टाइल की कई उपयोगी वस्तुएं व सेवाएं, कारपोरेट गिफ्ट आइटम्स के स्टाल प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहे. महिला उद्यमी सुनीता बाहेती द्वारा संचालित अमृत कॉरपोरेट गिफ्ट आइटम्स जिसमें कई आधुनिकतम आकर्षण आइटम्स का प्रदर्शन किया गया. लायंस क्लब के वरिष्ठ सदस्य लायन दिनेश रणधर, माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष डॉ सत्यनारायण मंत्री व मुकेश असावा मंत्री द्वारा महिला उद्यमी सुनीता बाहेती व परिजनों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया. यह आयोजन निश्चित रूप से युवा व महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित करने में अत्यंत सफल व सराहनीय रहा.

# पुलिस का एक्शन प्लान, शहर के 120 इन्फ्लुएंसर्स को दी हिदायत

- वायरल से पहले सोचो, भ्रामक पोस्ट पड़ेगी भारी, फेक कंटेंट पर पुलिस ने दिखाई सख्ती
- सोशल मीडिया पर अब पुलिस की नजर, हर गलत पोस्ट पर होगी कार्रवाई



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** शहर में सोशल मीडिया पर फेक और भ्रामक कंटेंट में हो रही बेतहासा वृद्धि पर लगाम लगाने के लिए पुलिस ने एक्शन प्लॉन तैयार कर लिया है. शहर के 120 से ज्यादा इन्फ्लुएंसर्स को साफ चेतावनी दी गई है कि अब हर पोस्ट पर जहां पुलिस की नजर रहेगी, वहीं गलत या भड़काऊ कंटेंट वायरल करने पर सीधे कानूनी कार्रवाई की जाएगी. पुलिस कमिश्नर ने स्पष्ट कहा है कि कुछ भी वायरल करने से पहले सोचें, वरना कार्रवाई तय है.

बुधवार को पलासिया स्थित पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित इस विशेष संवाद सत्र में पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह समेत वरिष्ठ अधिकारियों ने 120 से ज्यादा इन्फ्लुएंसर्स को सोशल मीडिया के बढ़ते असर और उससे जुड़े खतरे समझाए. इस दौरान उन्हें साफ-साफ कहा गया कि किसी भी वीडियो, पोस्ट या खबर को वायरल करने से पहले उसकी सच्चाई और उसके सामाजिक असर की जांच जरूरी है, वरना आईटी एक्ट के तहत कार्रवाई तय है. सोशल मीडिया पर भ्रामक और भड़काऊ कंटेंट को लेकर अब पुलिस सख्त मूड में नजर आ रही है. बुधवार को पुलिस कमिश्नरेट ने 120 से ज्यादा इन्फ्लुएंसर्स और कंटेंट क्रिएटर्स को बुलाकर साफ संदेश दिया कि गलत जानकारी फैलाने पर सीधे कानूनी कार्रवाई होगी. बैठक में यह भी सामने आया कि सोशल मीडिया के जरिए अफवाह फैलने से कई बार कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ जाती है. इसी को देखते हुए पुलिस अब सीधे कंटेंट क्रिएटर्स के जरिए निगरानी और जागरूकता दोनों पर काम कर रही है.

### जागरूकता फैलाने में पुलिस का सहयोग करें इन्फ्लुएंसर्स

इन्फ्लुएंसर्स को सोशल मीडिया वॉलिंटियर बनकर पुलिस के साथ काम करने की अपील भी की गई. अधिकारियों ने साफ किया कि फर्जी, आपत्तिजनक या भड़काऊ कंटेंट पोस्ट करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा. वहीं इन्फ्लुएंसर्स से साइबर क्राइम, महिला सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों को लेकर जागरूकता फैलाने में सहयोग मांगा. वहीं यह भी कहा कि पुलिस अब सोशल मीडिया पर एक्टिव निगरानी बढ़ाने की तैयारी में है और जरूरत पड़ने पर सख्त कार्रवाई भी की जाएगी.

### पुलिस कमिश्नर ने दी यह सलाह...

बैठक के दौरान पुलिस कमिश्नर ने बताया कि कोई भी पोस्ट या वीडियो वायरल करने से पहले उसकी सत्यता को जांचें, भ्रामक या भड़काऊ कंटेंट शेयर करने से हमेशा बचें, आईटी एक्ट के नियमों का पालन करें, अफवाह फैलाने वाले कंटेंट से दूरी रखें, साइबर, ट्रैफिक व महिला सुरक्षा से जुड़े संदेश फैलाएं, सोशल मीडिया का उपयोग जिम्मेदारी से करें.

# कार में पिस्टल लेकर घूम रहे बदमाश को दबोचा

- तिहरे हत्याकांड का आरोपी निकला बदमाश
- पहले से चार आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. कनाड़िया पुलिस ने बायपास पर चेकिंग के दौरान कार में पिस्टल और कारतूस लेकर घूम रहे एक बदमाश को गिरफ्तार किया है. जांच में सामने आया कि आरोपी तिहरे हत्याकांड का फरार आरोपी है और उसके खिलाफ पहले से चार आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं.**

थाना प्रभारी सहर्ष यादव ने बताया कि रात के समय बायपास पर नियमित चेकिंग की जा रही थी, तभी एक संदिग्ध कार चालक पुलिस टीम को देखकर वापस मुड़कर भागने लगा. पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर वाहन को रोक लिया और आरोपी को पकड़ लिया. तलाशी के दौरान कार से एक पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए. पकड़े गए आरोपी की पहचान नब्बू उर्फ निर्भयसिंह मालवीय, निवासी मुसाखेड़ी के रूप में हुई है. उसके खिलाफ थाना कनाड़िया पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया.

पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी देवास जिले के बरोठा थाने में दर्ज तिहरे हत्याकांड का आरोपी है. इसके अलावा इंदौर जीआरपी सहित विभिन्न थानों में उसके खिलाफ चार अन्य आपराधिक मामले दर्ज हैं. पुलिस को आशंका है कि वह किसी बड़ी वारदात की फिराक में घूम रहा था. फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है और यह भी जांच की जा रही है कि हथियार उसे कहां से मिला. आरोपी ने शुरुआती पूछताछ में पुरानी रंजिश के चलते हथियार रखने की बात स्वीकार की है.



# हेलमेट और रॉन्ग पार्किंग 869 चालकों पर कार्रवाई

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. वाहन चालकों को सड़कों पर लापरवाही अब महंगी पड़ रही है. यातायात पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए एक ही दिन में 869 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई कर दी. सबसे ज्यादा निशाना बिना हेलमेट चलने वाले और रॉन्ग पार्किंग करने वाले बने.**

अभियान के दौरान 605 चालकों को बिना हेलमेट पकड़ा, जबकि 132 पर रॉन्ग पार्किंग की कार्रवाई हुई. इसके अलावा 9 वाहन चालक मोबाइल पर बात करते और 38 वन वे का उल्लंघन करते मिले. अन्य नियम तोड़ने वालों पर भी चालान किए. चारों जोन में पेट्रोलिंग और व्हील लॉक टीमों ने प्रमुख बाजारों व व्यस्त सड़कों पर लगातार कार्रवाई की. नो पार्किंग में खड़े सैकड़ों वाहनों को हटवाया गया, जिससे कई जगह ट्रैफिक व्यवस्था सुधरी. पुलिस का कहना है कि सख्ती आगे भी जारी रहेगी और नियम तोड़ने वालों पर इसी तरह कार्रवाई होती रहेगी.

# 25 जोड़ों का हुआ वैदिक रस्मों से सामूहिक विवाह

- सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन
- 1 मूकबधिर जोड़े का भी हुआ विवाह



**इंदौर.** सर्वजातीय सामुहिक विवाह सम्मेलन आयोजन समिति द्वारा बुधवार को गांधी हॉल में निशुल्क सर्वजातीय सामुहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन सम्पन्न हुआ. विवाह समारोह में दूल्हा दुल्हन सात फेरे व नौ वचन लिए, सात वचन एक दूसरे के संग सुख दुख में जीने के हुए, तो आठवां वचन इंदौर को आठवीं बार स्वच्छता में नंबर वन बनाने के लिए हुआ, तो नौवां वचन सनातन धर्म और भारत माता की रक्षा के वचन के लिए हुआ.

आयोजन में संत अन्ना महाराज, दादू महाराज, नाना महाराज, भाजपा के नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, गोपी कृष्ण नेमा, राजेंद्र शुक्ला, मुग्धा शुक्ला, स्वाति कशीद, आंजनेय शुक्ला, यश शुक्ला सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे. आयोजन समिति के दीपेन्द्रसिंह सोलंकी ने बताया कि के विधायक गोलू शुक्ला द्वारा अनूठी पहल की गई. विधानसभा क्षेत्र क्र.3 के निवासी ऐसे माता-पिता जो अपनी कन्या का विवाह करवाने में असमर्थ हैं या आर्थिक रूप से कमजोर है, उन कन्याओं का विवाह सनातनी विधायक गोलू शुक्ला द्वारा करवाया गया. विधायक गोलू शुक्ला ने बताया कि हमने संकल्प लिया था, कि क्षेत्र की विवाह योग्य निर्धन, दिव्यांग और अनाथ कन्याओं का निशुल्क विवाह करवाएंगे, उसी संकल्प को पूरा करने के लिए सनातन हिन्दू समाज सामुहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया.

### रीति रिवाज से हुई विवाह की रस्में

विवाह सम्मेलन में सनातनी वैदिक परंपराओं के तहत विवाह की रस्मों को पूरे रीति रिवाज से विद्वानों द्वारा सम्पन्न करवाया गया. वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विवाह की रस्में सम्पन्न करवायी गई, 25 जोड़ों ने विवाह के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया था। 1 मूक बधिर जोड़े का विवाह भी सम्पन्न हुआ। गोधूलि बेला में विवाह सम्पन्न हुआ. विवाह की रस्मों को यादगार बनाने के लिए हेरिटेज पैलेस गांधी हॉल की आकर्षक साज सज्जा की गई. बोलिया सरकार की छत्री से गांधी हॉल तक चल समारोह (बारात) निकाला गया. दुल्हन विंटेज कार में तो दूल्हे घोड़ी पर सवार हुए. सम्मेलन में विधायक गोलू शुक्ला कन्यादान किया और कन्यादान में आकर्षक उपहार भी भेंट किए.

# नशे की लत छुड़वाने में परिवार की भूमिका भी महत्वपूर्ण

- युवाओं के पालकों के लिए कार्यशाला का आयोजन



**इन्दौर.** पंचकुइया स्थित परमानन्द हॉस्पिटल परिसर में संचालित अंकुर रिहेब सेंटर पर नशे की लत में फंसे करीब 35 युवाओं के अभिभावकों तथा पालकों के लिए आयोजित कार्यशाला में पीड़ित परिवारों और व्यक्तियों को राहत पहुँचाने के उद्देश्य से अनूठे प्रयोग किए गए.

बरजी बाई मेमोरियल सोसायटी के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यशाला में अभिभावकों को बताया गया कि इन लतों से राहत केवल मरीज की यात्रा नहीं होती, बल्कि इसमें परिवार के सदस्यों की ताकत और प्रेरणा भी उतनी ही महत्वपूर्ण और जरुरी होती है. कार्यशाला में डॉ. अंकुर अग्रवाल एवं डॉ. अनुजा त्रिपाठी ने पालकों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें बताया कि वे अपने प्रियजनों को किस तरह संभाले, भावनात्मक चुनौतियों का कैसे सामना करें और पूरा परिवार मिलकर किस तरह अपने प्रियजन को जीने की कला का रास्ता दिखा सकता है. सोसायटी की समन्वयक प्रियंका शुक्ला, काउन्सलर शुभांषु अवस्थी एवं पीयर काउंसलर राकेश शर्मा, सुपरवायजर रिंकू दुआ सहित सेंटर के पदाधिकारियों ने कार्यशाला में नशे की लत से छुटकारा दिलाने में परिवारजनों की भूमिका को सबसे महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यदि हम अपने प्रियजन का मनोबल बढाकर ठान लेंगे कि हम भी इस समाज में अपना योगदान देकर इन व्यसनों से मुक्ति दिलाने में सफल होकर रहेंगे तो निश्चित ही यह परिवार के साथ समाज और राष्ट्र पर भी बड़ा उपकार होगा.

### 35 मरीज नियमित आ रहे

डॉ. अग्रवाल एवं युगपुरुष धाम की प्राचार्य डॉ. अनिता शर्मा ने बताया कि वर्तमान में इस केंद्र पर 35 व्यक्ति नशे की लत से मुक्ति पाने के लिए नियमित रूप से आ रहे हैं. संस्था के सचिव तुलसी शादिजा ने बताया कि गुरुदेव युगपुरुष स्वामी परमानंद की प्रेरणा से इस भूमि पर पीड़ित मानवता की सेवा का अभियान पिछले 25 वर्षों से निरंतर चलाया जा रहा है।

# महिलाओं ने राजबाड़ा से निकाली स्कूटी रैली

- नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लिए पीएम व सीएम को दिया धन्यवाद
- रीगल चौराहे पर बनाई मानव श्रृंखला




**इंदौर. नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर जगह जगह आयोजन हो रहे हैं, इसी श्रृंखला में आज देवी माँ अहिल्या मातृशक्ति मंच द्वारा देवी अहिल्या प्रतिमा राजवाड़ा चौक से गांधी प्रतिमा तक स्कूटी रैली निकाली गई.**

रैली में भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, भाजयुमो प्रदेश महामंत्री विप्लव जैन, शिवानी अड़सपुरकर, निधि बंग सहित बड़ी संख्या में महिलाएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव को धन्यवाद देने के लिए स्कूटी पर सवार होकर रीगल स्थित गांधी प्रतिमा पहुंची. रैली की शुरूवात नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा और पदाधिकारियों ने राजवाड़ा स्थित देवी अहिल्याबाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की. इसके पश्चात स्कूटी रैली प्रारंभ हुई.

रैली कृष्णापुरा पूल से होते हुए जेल रोड, एम जी रोड होते हुए रीगल चौराहे स्थित महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर पहुंची, यहां महिलाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को धन्यवाद देते हुए मानव श्रृंखला बनाई. राजवाड़ा पर नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में मोदी जी को धन्यवाद देते हुए हस्ताक्षर अभियान भी चलाया जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का आभार व्यक्त किया. महिलाएं हाथों में नारे लिखी तख्तियां हाथों में लेकर स्कूटी पर सवार हुई. यात्रा में मंजू ठाकुर, मोनिका सबनिस, स्निग्धा मौर्य सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थी.


**लाइट माइक्रोफाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय: 308 अग्रवाल टावर, प्लॉट नंबर 2, सेक्टर-5, द्वारका, नई दिल्ली-110075
सीआईएन: U67120DL1994PTC216764

**सार्वजनिक सूचना शाखा कार्यालय बंद करना**

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित शाखा दिनांक 30/06/2026 से बंद कर दी जाएगी।

| राज्य | क्रम सं | शाखा का नाम | शाखा का पता |
| --- | --- | --- | --- |
| मध्य प्रदेश | 1. | राघोगढ़ | पहली मंजिल, मकान नंबर- एलआईजी.129, साडा कॉलोनी, दूसरा चरण, नायक की पुलिया रोड, नेशनल कान्वेंट स्कूल के सामने, राघौगढ़, जिला। गुना, मध्य प्रदेश - 473226। |
| | 2. | मन्दसौर | प्रथम तल, मकान नंबर 02, वार्ड नंबर 12 नारायणगढ़ रोड मल्हारगढ़, मंदसौर, मध्य प्रदेश - 458339 |

ग्राहकों से अनुरोध है कि वे मौजूदा तरीकों से भुगतान जारी रखें और अपने फील्ड अधिकारी से संपर्क करें या हमसे निम्नलिखित नंबरों पर संपर्क करें: फोन: 079-41057862, ईमेल: grievanceredressal@lightfinance.com
ग्राहकों को सलाह दी जाती है कि वे केवल अधिकृत प्रतिनिधियों से ही लेन-देन करें और सभी लेन-देन की रसीद प्राप्त करें। यह सूचना आरबीआई के दिशा निर्देशों के अनुसार जारी की गई है।


एक नजर में

### नाहर परिवार संघ द्वारा अभा हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन

# वाल्मीकि पुरखों की संतान कविता : प्रो. पलोड़




**इंदौर. खिलखिलाते चेहरों की मुस्कान कविता/ युगों - युगों से भारत की पहचान कविता/ तुलसी के दोहों का लय-गान कविता/ वाल्मीकि पुरखों की संतान कविता... इन पंक्तियों के साथ सूत्रधार कवि प्रोफेसर श्याम सुन्दर पलोड ने नाहर परिवार संघ द्वारा आयोजित अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन की शुरुआत की.**

मुम्बई से आये कवि हिमांशु बवण्डर ने सुनाया कि ऐसी की ठंडक न दे , बूढ़े पीपल की छांव तो दे दे. कंक्रीटों के जंगल न दे, बचपन वाला गांव तो दे दे/ जर, जोरू, ज़मीन सब फिजूल है यहां, मुझे मेरी मां के जन्नत वाले पांव तो दे दे. माण्डव के मालवी हास्य कवि धीरज शर्मा ने सुनाया -मैं तो सीधा साधा सच्चा मुझको किया है बच्चा कोई नाश मिटा मेरे काट गया बाल जी. कवयित्री निशा पण्डित ने गीत सुनाया इस तरह से मोहब्बत में दुनिया ये दीवानी है/ चाहतों की हर युग में एक नई कहानी है/ विष को भी अमृत कर दे प्रेम है अमर बूटी, एक बाला मीरा तो दूजी राधा रानी है/ झालावाड़ से आये हास्यकवि राजेश लोटपोट ने सुनाया- जिनके प्रताप से फली रोटी/ उन्हीं के पेट में ना गली रोटी/ ससुर का दिल उस वक्त बैठ गया, जब बहू ने रखी सामने जली रोटी. वीर रस के युवा कवि मौलिक पलोड ने सुनाया कि ईमानदारी के मसीहा एक बेईमानी पर भ्रष्ट हो जाएंगे/ मखमली गद्देधारी सलाखों के पीछे गए तो कष्ट हो जाएंगे/ चित्रगुप्त के लिखे लेखे- जोखे एक दिन स्पष्ट हो जाएंगे/ एक पाप के सम्मुख सौ पुण्य भी यारों नष्ट हो जाएंगे.

### युवा का संबंध उम्र से नहीं, सोच से...

कवि सम्मेलन का संचालन कर रहे कवि डॉ.श्याम सुन्दर पलोड ने सुनाया कि युवा का सम्बन्ध उम्र से नहीं सोच से होता है. युवा शब्द के अक्षरों को उल्टा कर दो तो वायु होता है. विचारों के उबलते हुए ज्वालामुखी का लावा है युवा. शक्ति के दुग्ध की तपन से तपा हुआ मावा है. कवियों का स्वागत ललित नाहर, संजय नाहर, मानसिंह नाहर इत्यादि ने किया. इस अवसर पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं महापौर प्रतिनिधि भारत पारख का देपालपुर विधानसभा में स्लॉटरहाउस पर रोक लगाने हेतु ललित नाहर, संजय नाहर व प्रकाश नाहर द्वारा सम्मान किया गया. भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश प्रवक्ता वैभव शुक्ला का भी अभिनन्दन किया गया.


**भारतीय रिज़र्व बैंक**
**RESERVE BANK OF INDIA**
www.rbi.org.in

**कनिष्ठ अभियंता (सिविल/इलैक्ट्रिकल) की भर्ती - 2026**

भारतीय रिज़र्व बैंक, अपने विभिन्न कार्यालयों में कनिष्ठ अभियंता (सिविल/ इलैक्ट्रिकल) के 11 पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है। इस पद के लिए चयन देशव्यापी केंद्र-वार ऑनलाइन प्रतियोगी परीक्षा और भाषा दक्षता परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा। सम्पूर्ण विज्ञापन बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) पर अप्रैल 2026 के तीसरे सप्ताह में उपलब्ध होगा और इसे एम्प्लॉयमेंट न्यूज़ / रोज़गार समाचार में भी प्रकाशित किया जा रहा है। आवेदन पत्र बैंक की वेबसाइट के माध्यम से केवल ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएंगे।

**महत्वपूर्ण तारीखें:**

| | |
| --- | --- |
| ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने और परीक्षा शुल्क भुगतान करने की अवधि | 16 अप्रैल 2026 - 06 मई 2026 |
| ऑनलाइन परीक्षा की तारीख (अनंतिम) | 06 जून 2026 |

"पैसे का वादा करने वाले ई-मेल / एसएमएस / टेलीफोन द्वारा धोखा न खाएं"